Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand for an investigating team regarding a Cylinder Blast Case in Rajasthan

श्री देवजी पटेल (जालौर) : सभापति महोदय, पुरी जी भी यहां विराजमान हैं और मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि राजस्थान में जोधपुर क्षेत्र में एक गैस ब्लास्ट हुआ, जिसमें भूंगरा गांव के एक ही परिवार के बहुत सारे लोग चल बसे। आज भी हॉस्पिटल में जो लोग हैं, अगर डॉक्टर बाहर निकलते हैं तो वहां से एक ऐसी आहट होती है तो कहीं और कोई तो नहीं चला गया।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि जो गैस ब्लास्ट हुआ है, उसकी यहां से जांच करवाई जाए, क्योंकि वहां डीएलओज़ लीपापोती कर रहे हैं तो यहां से एक जांच टीम बनाई जाए। उस जांच टीम के द्वारा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और उस परिवार को उचित मुआवज़ा दिया जाए।